# एक नजर

## स्वामीनारायण घाट पर नहाने पहुंचे एक एनआरआई गंगा में बहे

ऋषिकेश। मुनिकीरेती थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वामीनारायण घाट पर नहाने पहुंचे एक एनआरआई गंगा में बह गए है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम गंगा में सर्च ऑपरेशन चला रही है। फिलहाल एनआरआई का कुछ पता नहीं चला है। मुनिकीरेती के इंस्पेक्टर रितेश शाह और एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर कविंद्र सजवाण ने बताया कि कुछ दिनों पहले 59 वर्षीय एनआरआई प्रगनेश लंदन से अपनी पत्नी पिनाकी और पुत्र आनंद के साथ भारत आए। वह मुनिकीरेती के स्वामीनारायण आश्रम में रुके हुए थे। आज सुबह प्रगनेश अपनी पत्नी और बेटे के साथ स्वामीनारायण गंगा घाट पर नहाने के लिए पहुंचे। नहाने के दौरान प्रगनेश अचानक गंगा के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। पत्नी और बेटे ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और प्रगनेश की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाना शुरू किया। घटना के बाद से पत्नी और बेटे का रो रो कर बुरा हाल है।

## धीरेंद्र प्रताप हिमाचल प्रदेश रवाना, धर्मशाला क्षेत्र में संभालेंगे लोकसभा और विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी



ऋषिकेश। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप आज हिमाचल प्रदेश रवाना हो गए। वह करीब 10 घंटे के सफर के बाद कल हिमाचल क्षेत्र के धर्मशाला क्षेत्र में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी संभालेंगे उल्लेखनीय है धीरेंद्र प्रताप को पिछले दिनों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला ने इस क्षेत्र का कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। धीरेंद्र प्रताप अगले 10 दिन इस क्षेत्र में रहकर पार्टी उम्मीदवार आनंद शर्मा को जीतने का महत्वपूर्ण दायित्व संभालेंगे इस बीच धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि देश में कांग्रेस की लहर चल रही है और गठबंधन सरकार अगले कुछ दिनों में जब चुनाव के नतीजे आएंगे तो भारी बहुमत से दिल्ली में सरकार बनाएगी उन्होंने कहा भाजपा का वर्चस्वदेश में टूट रहा है और उसकी जन विरोधी नीतियों के कारण देश के लोग उसे अजीज आ चुके हैं।

## परिजनों ने कराया नेत्रदान, दो नेत्रहीन फिर से देख सकेंगे दुनिया का हसीन नजारा



ऋषिकेश।

सोमवार को स्वर्गीय दर्शनी देवी 87 पत्नी स्वर्गीय योगेश्वर प्रसाद जोशी बालासौड़ कोटद्वार निवासी का निधन हो गया सतीश अमोली ने उनके पोते आयुष जोशी दादी जी की आँखें दान करवाने की प्रेरणा दी और निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट के आत्म प्रकाश कोच्चर बाबुजी को सूचित किया। संस्थान की टीम में डॉ. किरन व श्री मकरेंदु ने जाकर कॉर्निया प्राप्त किये। इस नेत्रदान के जरिये दो लोग इस सुन्दर संसार को देख पाएंगे। निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट प्रशासन ने परिवार की नेत्रदान सेवा भावना की प्रशंसा की और इस नेक कार्य में समाजसेवी बलजीत का महत्वपूर्ण योगदान है स्वर्गीय श्रीमती दर्शनी देवी बेशक आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका यह कार्य बहुत ही सराहनीय वह प्रशंसनीय है

बता दे की नेत्रदान के लिए आवश्यक है की मृत्यु के 6 घंटेके अंदर आंखें दान कर देनी चाहिए, मृतक की आँखे बंद करके उसके ऊपर गीली रुई रख देनी चाहिए, पंखा बंद कर दें ऐ. सी. हो तो चलने दें, सिर के नीचे तकिया रख दें। नेत्रदान करने के लिए +91-9837607526 इस नंबर पर संपर्क कर सकतें हैं।

## आल इंडिया रेनबो कान कराटे चैंपियनशिप में आशिहारा के खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड सहित जीते 15 पदक

हरिद्वार, । देहरादून में आयोजित आल इंडिया रेनबो कान कराटे चैंपियनशिप में आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं।

आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के सचिव अमित कुमार चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में आरना गुप्ता ने सब जूनियर वर्ग में 40 किलोग्राम वेट कैटेगरी में जयपुर के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। तनुष्का बंधु ने बिहार और महाराष्ट्र की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जय कुमार ने हरियाणा की टीम को हराकर स्वर्ण पदक हासिल गया। आरुसी पुंडीर ने झारखंड के टीम को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। अथर्व गुप्ता ने पंजाब और उत्तराखंड के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक हासिल कियां। वैदेही और तेजस त्यागी ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। रोहन कुमार, समृद्धि चौहान, और हेमंत शर्मा ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। शोकरित कुंडू, मुकुनंदन, अर्नवी त्यागी और दक्ष शर्मा ने ब्राउन मेडल जीता। अमित कुमार चौधरी ने बताया कि चैंपियनशिप में सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर हरिद्वार जनपद और स्टेट का नाम रोशन किया। अपने प्रदर्शन के दम पर आशिहारा के कई खिलाड़ी आर्मी और पुलिस में जॉब प्राप्त करने में भी सफल रहे हैं।

# स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय में अनिश्चतता प्रबंधन पर गेस्ट लेक्चर

● कुशल नेतृत्वकर्ता हमेशा सीखने की प्रक्रिया का पालन करता

● कुशल नेतृत्वकर्त्ता व्यक्ति दूसरों को बेहतर करने के लिए करते हैं प्रेरित

डोईवाला। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय जौलीग्रांट (एसआरएचयू) में अनिश्चतता प्रबंधन पर एक गेस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें अनिश्चितता के बेहतर प्रबंधन से नेतृत्व कौशल नेतृत्व में वृद्धि पर चर्चा की गयी।

सोमवार को आदि कैलाश सभागार में आयोजित गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रेडियो मिर्ची के सह संस्थापक और निदेशक बेनेट और कोलमैन कंपनी लिमिटेड के निदेशक एपी परागी ने कहा कि व्यवसाय जगत में एक अच्छा लीडर बनने के लिए दूरदर्शिता, सत्यनिष्ठा और निर्णायकता जैसे गुणों का होना आवश्यक है। उन्होंने अपने निजी अनुभवों के द्वारा नेतृत्व करने और व्यावसायिक नेतृत्व में एक मजबूत नैतिक आधार बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक कुशल नेतृत्वकर्त्ता व्यक्ति के अंदर मौजूद गुणों को पहचानते उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने टीमों का प्रभावी ढंग से नेतृत्व और प्रबंधन करने, संगठनों के भीतर विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सहानुभूति और भावनात्मक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संचार की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह एक बेहद आवश्यक तत्व है। उन्होंने




लक्ष्य प्राप्त करने, समस्याओं का हल निकालने पर संचार की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संचार हर स्तर पर नियमित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आदतें हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि निरंतर सीखने की प्रक्रिया आज के तेजी से विकसित हो रहे व्यावसायिक परिदृश्य में किसी भी संस्थान या व्यक्ति की सफलता तय करती है। उन्होंने कहा कि कुशल नेतृत्वकर्ता हमेशा सीखने की प्रक्रिया का पालन करता है। उन्होंने रेडियो मिर्ची और विभिन्न अन्य व्यवसायों जैसे अग्रणी उद्यमों में अपने व्यापक अनुभवों से सीखे गए सबक साझा किए। उन्होंने सामने आई चुनौतियों, अपनाई गई रणनीतियों और महत्वपूर्ण क्षणों का जिक्र किया जिन्होंने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक लीडर के रूप में उनकी यात्रा को आकार दिया। इससे पूर्व स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना और कुलपति डॉ. राजेन्द्र डोभाल ने एपी पारिगी को मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। हिमालयन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रिंसिपल डॉ. मोहित वर्मा ने सभी धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एमडी की परीक्षा में नकल कराने वाले दो डॉक्टरों सहित पांच लोग गिरफ्तार

ऋषिकेश। राष्ट्रीय स्तर पर एम्स की आयोजित एमडी की परीक्षा में नकल कराने वाले दो डॉक्टरों सहित पांच लोगों को पुलिस और एसओजी देहात की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन टैबलेट, तीन मोबाइल, दो मेडिकल संबंधित किताब और एक लग्जरी कार बरामद की है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नकल कराने वाले गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान एम्स में कार्यरत डॉक्टर अमन, डॉक्टर वैभव, मुख्य आरोपी अजीत, विजुल गौरा और जयंत के रूप में हुई है। आरोपी जींद रोहतक पटियाला और हिसार के रहने वाले हैं। एसएसपी ने बताया कि सीओ संदीप नेगी और कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने आरोपियों से गहन पूछताछ की है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि




सभी आरोपी हिमाचल प्रदेश के अलग अलग केंद्रों में परीक्षा दे रहे तीन अभ्यर्थियों को नकल करवा रहे थे। परीक्षार्थियों को मोबाइल से प्रश्न पत्रों की फोटो मंगाकर टेलीग्राम के माध्यम से जवाब भेज रहे थे। मुख्य आरोपी अजीत ने एमडी की परीक्षा में पास कराने की ऐवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से पचास पचास लाख रुपए लिए हैं। एम्स के दोनों डॉक्टरों को प्रश्नों के सही उत्तर देने के लिए दो-दो लाख रुपए दिए है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस और एसओजी देहात ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस जांच में जो भी नाम और सामने आएंगे उनकी भी जल्दी ही पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। एसएसपी ने मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम और एसओजी देहात को शाबाशी दी है।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, उ0नि0 विनेश कुमार चौकी उ0नि0 नवीन डंगवाल उ0नि0 ज्योति प्रसाद उनियाल और एसओजी देहात से आर0एस0 खौलिया, प्रभारी निरीक्षक एसओजी देहात हे0का0 कमल जोशी का0 नवनीत नेगी मनोज कुमार सोनी कुमार थे।

## दीपक गुप्ता को हीरोज नेक्स्ट डोर 2024 बदलाव की ओर अवार्ड से किया गया सम्मानित

देहरादून।



समाज के विभिन्न क्षेत्रो में सामाजिक कार्य करने में आगे रियल हीरो को नंद कृति वेल्फेयर ट्रस्ट ने सम्मानित किया गाजियाबाद के होटल रेडीसन ब्लू में आयोजित हीरो नेक्स्ट डोर 2024 बदलाव की ओर ने अर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मदद करने वाली संस्थाओ और अपनी जान की परवाह न कर आमजन की मदद करने वाले हीरो को सम्मानित किया पूर्व सेवानिवृत जनरल वी के सिंह, आजतक न्यूज के वरिष्ट पत्रकार सुधीर चौधरी, मशहूर डायरेक्टर अनिल शर्मा के हाथों सम्मानित किया गया ट्रस्ट के चेयरमैन मनोज शर्मा जनरल सेक्रेटरी डॉ नंदिता शर्मा ने बताया कि हजारो एंट्री में से जुयूरी ने वास्तविक और विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों एवं संस्थानों को आमंत्रित किया अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम रीयल लाइफ हीरो हैं पर जो लोग वाकई विभिन्न क्षेत्रो में रियल हीरो की तरह काम कर रहे हें वह बधाई के पात्र है और दिल से उनको सैल्यूट करते है. इस सम्मान समारोह में डॉक्टर, एनजीओ, स्लम एरिया में काम करने वाले, शिक्षा के क्षेत्र में, स्वच्छता, हरित क्रांति एवं समाज सेवा राष्ट्र सेवा करने वाले लोगों को सम्मानित करके उनका धन्यवाद किया फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा ने उत्तराखंड देहरादून की महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था को सम्मानित करते हुए उनके कार्यो की प्रसंशा की और अपने द्वारा भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। मशहूर गायक कृष्णा ने अपनी मधुर आवाज से आए हुए अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया स्लम एरिया के बच्चों को लेखन सामग्री एवं खाद्य सामग्री दी गयी। गाजियाबाद के डीसीपी सहित राजनीतिक क्षेत्र के एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा जनता मिलन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनी गई

नई टिहरी।

सोमवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा जनता मिलन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। इस मौके पर 04 शिकायतें/मांग पत्र दर्ज किये गये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन, जिला योजना, चारधाम यात्रा आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। जनता दरबार, तहसील दिवस, बीडीसी बैठक, सीएम हेल्पलाइन, बहुउद्देशीय शिविर आदि में पंजीकृत शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयान्तर्गत निस्तारित करने को कहा गया।

जनता मिलन कार्यक्रम में ग्राम डांग पो.ओ. बंगियाल कण्डीसौड़ के अत्तर सिंह चौहान ने अपने मछली फार्म तालाब से स्थानीय लोगों आपातकालीन पेयजल आपूर्ति हेतु अनापति प्रमाण की अनुमति चाही गई, जिस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम चम्बा को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य



देवरी मल्ली ने सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र बहेड़ा, चम्बा में डॉक्टर की तैनाती करने तथा दवाईयों के पर्याप्त भण्डारण का अनुरोध किया गया, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही कर संबंधित को भी अवगत कराने को कहा गया। किशोरी लाल व सोहन लाल ने लोनिवि कीर्तिनगर एवं पीएमजीएसवाई द्वारा डागर कोठार-गोदी मोटर मार्ग परियोजना निर्माण के दौरान ब्लास्टिंग/खनन से उनके घरों की क्षतिपूर्ति एवं जांच करने की मांग की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम कीर्तिनगर को जांच हेतु कमेटी गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को पोर्टल के माध्यम से वार्ता कर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला योजना वर्ष 2024-25 के प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए समयान्तर्गत पूरी होने वाली अच्छी स्कीमों के प्लान बनाने तथा पुरानी देनदारी को बन्द करने को कहा गया।

इसके साथ ही माईनिंग फण्ड में योजनाएं प्रस्तावित करने तथा मनरेगा में कन्वर्जेन्स के प्लान बनाने को कहा गया। सड़क से संबंधित समस्त विभागों को नालियों की सफाई करवाने, डीएचओ को जनपद क्षेत्रान्तर्गत समस्त पॉलीहाउस का विवरण फोटोग्राफ्स सहित उपलब्ध कराने, जल जीवन मिशन योजना के तहत योजना ग्राम पंचायत को हेण्डऑवर होने के बाद रख-रखाव हेतु संबंधितों को प्रशिक्षण देने, सभी एसडीएम को सार्वजनिक स्थलों/चौराहों का निरीक्षण कर कार्य प्लान करने आवश्यक बोर्ड एवं अन्य सामाग्री को हटवाने को कहा गया। इस मौके पर पीडी डीआरडीए योगेश उपाध्याय, टीओ, डीडीओ मो. असलम, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, घनसाली अपूर्वा सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षकों को संत जोध सिंह महाराज ने दी शुभकामनाएं



ऋषिकेश।

निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी के व्यवस्थापक परम श्रद्धेय संत बाबा जोध सिंह महाराज के द्वारा एनजीए के विभिन्न संस्थानों में सम्मानित हुए शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाराज जी ने शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामना करते हुए कहा कि शिक्षक वह है जो विधार्थियों को शिक्षा प्रदान करता है जो कि ज्ञान, कौशल और मूल्य सिखाने का कार्य करता है। शिक्षक छात्रों को मार्गदर्शन देते हैं, उन्हें विभिन्न विषयों की समझ विकसित करने में सहायता करते हैं, और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक ज्ञान देना होता है, बल्कि छात्रों को नैतिक, सामाजिक और व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करना होता है, जिससे वे समाज के अच्छे नागरिक बन सकें। हमें गर्व है कि एनजीए शिक्षक अपने विधार्थियों के प्रति हमेशा कर्तव्यनिष्ठ है।

इस अवसर पर मंच संचालन श्रीमती दीपमाला कोठियाल के द्वारा किया गया आपको बता दे कि विगत कुछ दिनों पूर्व एनजीए के शिक्षकों का सम्मान रुड़की स्थित कौर यूनिवर्सिटी में हुआ था। जिसमें एनजीए हेडमिस्ट्रेस श्रीमती अमृतपाल डंग, सरबजीत कौर, ज्योति पंवार, सुनित मिनोचा, स्मिता गर्ग, मोनिका कपूर और विजेता सिंह, वहीं हिमालयीय विश्वविद्यालय में सम्मानित हुए शिक्षकों में प्रधानाचार्या डॉ सुनीता शर्मा, समन्वयक सोहन सिंह कैन्तुरा, खेल प्रशिक्षक दिनेश पैन्यूली, पूरन सिंह रावत और लोकेंद्र सिंह कैन्तुरा शामिल थे। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी विनोद विज्लवाण, राजबाला नौटियाल, ममता पंवार, सुनीता नेगी, विनीता चौधरी, पुष्पा हटवाल, पूजा व्यास, अंजना रतूड़ी,योगिता राजपूत, सुनील दत्त पांडे, विकास गोनियाल, सुनीता आहूजा, सरदार निर्मल सिंह, सरदार हरविंदर सिंह, सरदार गुरजिंदर सिंह, प्रदीप कुमार उपस्थित थे।

# कोर्ट के आदेश के बाद एसजीआरआर मेडिकल पीजी के छात्र-छात्राएं नहीं कर सकेंगे धरना प्रदर्शन

देहरादून । श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट एवं श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे मेडिकल कॉलेज के छात्रों के विरूद्ध कोर्ट ने सख्त आदेश दिए हैं। कॉलेजों के परिसर में किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन पूर्णतः निषेध रहेगा।

कोई भी छात्र-छात्रा या असामाजिक तत्व अस्पताल, मेडिकल कॉलेज की सेवाओं को बाधित नहीं करेगा। इससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और किसी भी मरीज के उपचार में व्यवधान उत्पन नहीं होगा। साथ ही किसी भी जूनियर छात्र-छात्रा को क्लास में जाने व अध्ययन करने से नहीं रोका जाएगा।

श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेज के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट एसपी सिंह ने बताया कि जिला सत्र न्यायालय के आदेश के अनुसार अस्पताल परिसर व मेडिकल कॉलेज परिसर में शांति भंग, नारेबाजी पर पूर्णतः रोक रहेगी। कोई भी व्यक्ति या छात्र अस्पताल के यातायात को बाधित नहीं करेगा। पुलिस ने छात्र-छात्राओं को समझाते हुए कड़ी चेतावनी भी दी है कि यदि अस्पताल परिसर व मेडिकल कॉलेज में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता की गई तो सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज अधिकारियों ने सहानुभूति दिखाते हुए कहा है कि वे बच्चों की हर सम्भव मदद करने के लिए तैयार हैं। एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि मेडिकल छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रलोभन देकर आंदोलन के लिए भड़काया और उकसाया गया है। कॉलेज प्रशासन सही समय पर उन सभी बिन्दुओं पर कानूनी कार्रवाई करेगा। दूसरी तरफ पुलिस डॉ देवेश की आत्महत्या प्रकरण की जांच कर रही है। एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज ने पुलिस अधिकारियों को भरोसा दिलाया है कि पुलिस को जांच में हर तरीके का सहयोग दिया जाएगा। कॉलेज ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आत्महत्या करने वाले डॉ देवेश गर्ग के मोबाइल की कॉल डिटेल व उसके बैच के साथियों की कॉल डिटेल की गहनता से जांच करे कि वह किन-किन लोगों के सम्पर्क में था। कॉलेज प्रशासन के पास उस छात्र के वीडियो फुटेज साक्ष्य के रूप में उपलब्ध हैं, जिसे पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को दे दिया गया है।

## हम किसी भी बस्ती को टूटने नहीं देंगे : मंत्री गणेश जोशी

देहरादून । काबीना मंत्री गणेश जोशी ने मलिन बस्ति मामले पर कहा कि 2016 से पूर्व बसी बस्तिवासियों को किसी भी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में भी अध्यादेश लाकर हमारी सरकार ने मलिन बस्तियों वालों के आशियानों को टूटने से बचाया है। हम किसी भी बस्ती को टूटने नहीं देंगे। मंत्री गणेश जोशी ने एक जारी बयान में कहा कि मलिन बस्तियों के नियमितिकरण का कार्य धामी सरकार गंभीरता पूर्वक कर रही है।

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan.

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

पंजीकृत कार्यालयः 602, 6वीं मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, क्रमांक 79/1, घोरपडी, मुंडवा रोड, पुणे-411036

शाखा कार्यालयः 2 मंजिल, फ्रेंड्सप्लाजा, एम-52/53, ईश्वरनगर, नई दिल्ली-110065

**ई-नीलामी नोटिस- SARFAESIA अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (ह्लअधिनियमह्न) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ें। सूचना इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को 17 नवंबर 2023 से ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बदल दिया गया है (जिसे पहले मैग के नाम से जाना जाता था) मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस के नाम से शामिल किया गया पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी) (इसके बाद अधिनियम के अनुसार ह्लसुरक्षित ऋणदाताह्न के रूप में संदर्भित), जिसका कब्जा सुरक्षित

सुरक्षित संपत्तियां ई-नीलामी के माध्यम से 31/05/2024 को ह्लजैसा है जहां हैह्न, ह्लजैसा है जो हैह्न और ह्लजो कुछ हैह्न के आधार पर बेची जाएंगी। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट पर दिए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक संचालन करने जा रहे हैं:

| प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम(ए) | डिमांडनोटिसदिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति (सी) | संपत्ति का विवरण (डी ) | आरक्षित मूल्य (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | ईएमडी सबमिशन तिथि (जी) | इन्क्रीमेन-टलबिड (एच) | संपत्ति निरीक्षणदिनांक एवं समय (आई) | नीलामी की तारीख और समय (जे) | ज्ञात भार / कोर्ट केसेज (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण संख्या एचएफ/0557/ एच/21/100037 प्रभाकर गुप्ता (उधारकर्ता), गीतादेवी (सहउधारकर्ता) | सूचनादिनांकः07/10/2023 रु. 838907.95/- (रुपये आठ लाख अड़तीस हजार नौ सौ सात पैसे मात्र) 07/10/2023 के साथ देय ब्याज@15.5पीए प्राप्ति तक। | भौतिक | गाटा संख्या 96 ग्राम-नगलिया कजान, तहसील-बिलासपुर रामपुर यूपीएडम.999.6.वर्ग फीट का वह समस्त टुकड़ा एवं पार्सल। शहर-रामपुरबिलासपुर, उत्तर प्रदेश-244921। | रु.7,04,813/- (सात लाख चार हजार आठ रुपए) सौ केवल तेरह) | रु.70,481.3/- (सत्तर हजार रुपए) चार सौ अस्सीएकऔर केवल तीस पैसा) | 21/06/2024 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 15/06/2024 (सुबह 11 बजे -शाम 4 बजे) | | शून्य-शून्य |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सुरक्षित ऋणदाता ब्रैंच और नीलामी संपत्तियों पर जाने और अपनी पूछताछ करने और अतिरिक्त शुल्क, ऋणभार और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाने और खुद को संतुष्ट करने की सलाह दी जाती है। बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी का बकाया और कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, को संपत्ति से जोड़ा जाएगा ताकि सफल बोली लगाने वाले को पता लगाया जा सके और भुगतान किया जा सके।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और पहले से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-बोली के लिए अनिवार्य है। पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी- Support@bankeauctions.com। संपर्क व्यक्ति - विनोद चौहान, ईमेल आईडी- delhi@c1india.com संपर्क नंबर- 9813887931। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उनसे ही ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को ह्लग्रिहमहाउसिंगफाइनेंस लिमिटेडह्न, बैंक-ICICIBANKLTD.AccountNo-000651000460andIFSCCode-ICIC0000006,20,R.N. के खाते में NEFT/RTGS/DD के माध्यम से बयाना राशि जमा (EMD) की राशि जमा करनी होगी। मुखजीरीड-कोलकाता-700001नया कोई भी राष्ट्रीयकृतयानिर्धारितबैंकया21/06/2024 से पहलेऔर अपना नाम पंजीकृत करें https://www.bankeauctions.com और यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई-मेल और स्व-सत्यापित हार्डकॉपी पते-2 मंजिल, एसजीएडीकॉम्प्लेक्स, नैनीताल रोड, रुद्रपुर, उत्तराखंड-263153.मोबाइलनो.+919567626050ई-मेलआईडीराहुल.आर1@grihumhousing.com पर भेजनी होगी। नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया पार्टिन-नीलामी लेने के लिए https://www.bankeauctions.com&www.grihumhousing.com पर जाएं। इस नोटिस को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) के लिए 30 दिन के नोटिस के रूप में माना जाना चाहिए।

दिनांकः21.05.2024, स्थानःउत्तराखंड

प्राधिकृतअधिकारी ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड(पूर्व में ज्ञात पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)